जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए
मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

लैंड रजिस्ट्री (भूमि रजिस्ट्री)

भूमि रजिस्ट्री हांगकांग में भूमि को प्रभावित करने वाले साधनों के पंजीकरण तथा भूमि पंजीकरण अध्यादेश (कैप 128) (LRO) और भूमि पंजीकरण विनियम (कैप 128 A) (LRR) के तहत सार्वजनिक खोज के लिए भूमि के रिकॉर्डों के प्रावधान के लिए एक सार्वजनिक कार्यालय है। हम बिल्डिंग प्रबंधन अध्यादेश (कैप 344) (BMO) के तहत मालिकों के निगमों (OC) के पंजीकरण, OC द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों को दर्ज करने तथा OC रिकॉर्डों की खोज सेवाओं के प्रावधान के लिए भी जिम्मेदार हैं। हम जनता के सभी सदस्यों द्वारा उनकी नस्लीय और जातीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना संबंधित सेवाओं तकसमान पहुँच सुनिश्चित करने को बहुत महत्व देते हैं।

संबंधित सेवाएं

- भूमि रजिस्ट्री उन साधनों को पंजीकृत करेगी जो LRO और LRR का अनुपालन करते हैं। जनता भूमि रजिस्टर की खोज और भूमि के रिकॉर्डों की प्रतियाँ के लिए एकीकृत पंजीकरण सूचना प्रणाली (IRIS) की ऑनलाइन सेवाओं (www.iris.gov.hk) या हमारी ग्राहक केन्द्र या न्यू टेरिटोरीज में स्थित किसी भी खोज कार्यालय (सामूहिक रूप से “भूमि रजिस्ट्री कार्यालय”) (www.landreg.gov.hk/en/contact/contact_2.htm) के माध्यम से कर सकते हैं।

- BMO के अधीन नियुक्त प्रबंधन समितियाँ OC के पंजीकरण के लिए भूमि रजिस्ट्रार को आवेदन कर सकती हैं। OC की प्रबंधन समितियों के सचिव BMO के तहत भूमि रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करने के लिए

आवश्यक कोई दस्तावेज दर्ज करेंगे। जनता के सदस्य संबंधित भूमि रजिस्ट्री के कार्यालयों में OC रिकॉर्ड खोज सकते हैं।

मौजूदा उपाय	• भूमि रजिस्ट्री कार्यालय सेवाओं के प्रावधान के लिए जनता को चीनी तथा/अथवा अंग्रेजी में संप्रेषित करता है। जनता के लिए सभी प्रिंट की हुई जानकारी (जानकारी लीफलेट, आवेदन पत्र, आदि सहित) तथा विभागीय और IRIS ऑनलाइन सेवाएं वेबसाइटों पर जानकारी चीनी और अंग्रेजी में हैं। • आवश्यक होने पर अल्पसंख्यक जातीयों के लिए केन्द्र (CHEER) के माध्यम से व्याख्या सेवा की व्यवस्था की जाएगी। CHEER आठ भाषाओं में व्याख्या सेवाएं प्रदान करता है, अर्थात् बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, उर्दू, तागालोग, थाई और वियतनामी।
भविष्य के काम का आंकलन	• सतत सुधार के लिए समय-समय पर उपायों की समीक्षा की जाती है। उपयोगकर्ताओं से प्रतिक्रिया/सुझाव, यदि कोई हो, रिकॉर्ड किए जाते हैं और समीक्षा की जाती है कि आवश्यक और उपयुक्त होने पर और सुधार किया जा सके।
किए गए/किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय	• हम समान अवसर आयोग, संवैधानिक और मुख्य भूमि के मामलों के ब्यूरो, सिविल सेवा कॉलेज, इत्यादि जैसे प्रासंगिक संगठनों द्वारा प्रदान किए गए उपयुक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए अपने कर्मचारियों की व्यवस्था करना जारी रखेंगे, ताकि नस्लीयता और जातीयता की समानता के बारे में उनकी जागरूकता और समझ को बढ़ाया जा सके।

जातीय समानता को बढ़ावा देने पर उपरोक्त उपायों के संबंध में पूछताछ के लिए, कृपया निम्नलिखित माध्यमों से हमारी ग्राहक सेवा प्रबंधक,Miss Cherie CHOW(मिस चेरी चाउ) से संपर्क करें-

टेलीफोन नंबर	:	3105 0000
फैक्स नंबर	:	2596 0281
ईमेल	:	csa@landreg.gov.hk
पोस्टल पता	:	The Land Registry 28th Floor, Queensway Government Offices 66 Queensway Hong Kong

भूमि रजिस्ट्री
मई 2025